सं0-15/463/62-2-2014-14एम0आई0/97टी0सी0-III

प्रेषक,

अनन्त कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 04 मार्च,2014

विषय- वित्तीय वर्ष 2013-14 में जिला योजना (सामान्य व एस0सी0पी0), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत की जाने वाली गहरी बोरिंग एवं राज्य योजना तथा कृषि विकास योजना के अन्तर्गत डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक नलकूप में सामान्य व एस0सी0पी0 मद में आवंटित धनराशि के सापेक्ष की जाने वाली गहरी बोरिंग में जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु आई0एस0कोड-14151 (पार्ट-2)/2008 के अन्तर्गत सहज संयोजी पालीएथिलीन पाइप, 110एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0(क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग के क्रय की अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-जी-42/ल0सिं0/भ0आ0/डी0बी0-एचडीपीई-110/2013-14, दिनांक 12-02-2014 एवं पत्र सं0-जी-46/ल0सिं0/भ0आ0/डी0बी0-एचडीपीई-110/2013-14, दिनांक 28-02-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उघोग अनुभाग-7 के शासनादेश सं0-2177एल/18-7-94-15(एस0पी0)/92, दिनांक 17-10-1994 एवं शासनादेश सं0-711/18-7-98-15(एस0पी0)/97,

http://shasanadesh.up.nic.in

दिनांक 19-5-1998 में दी गयी व्यवस्थानुसार गठित क्रय समिति की संस्तुंति को ध्यान में रखते हुए महामहिम श्री राज्यपाल वित्तीय वर्ष 2013-14 में जिला योजना (सामान्य व एस0सी0पी0), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत की जाने वाली गहरी बोरिंग एवं राज्य योजना तथा कृषि विकास योजना के अन्तर्गत डा0 राम मनोहर लोहिया सामूहिक नलकूप में सामान्य व एस0सी0पी0 मद में आवंटित धनराशि के सापेक्ष की जाने वाली गहरी बोरिंग में जल वितरण प्रणाली की स्थापना हेतु 334 कृषकों के लिए 334 सेट व 46,326 मीटर आई0एस0कोड-14151 (पार्ट-2)/2008 के अन्तर्गत सहज संयोजी पालीएथिलीन पाइप, 110एम0एम0 नामिनल डायामीटर, 0.25 एम0पी0ए0(क्लाज-1) मय आवश्यक फिटिंग के क्रय, जिसका विवरण निम्नवत है, की अनुमति प्रदान करते है:-

S. No.	Description of Item	Required Qty. under available Budget
1	2	3
1-	ISI Marked 110mm Nominal diameter, 0.25 MPA (Class-I) Quick Coupled Polyethylene Pipe (HDPE Pipe) in length of 6.0 meter (± 0.01 meter) IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments.	46,326 Meter
2-	One Set of ISI Marked fittings (one number 90^0 Bend, one number 90^0 Tee, one number Ends cap and one number pump connecting nipple) suitable to fit with above pipe IS Code 14151(Part-2):2008 with latest amendments,	334 Set

2- उपलब्ध विवरण के आधार पर यह प्रमाणित किया जाता है कि-

(i) प्रश्नगत क्रय सामग्री उघोग निदेशालय द्वारा निर्णीत किये गये किसी दर अनुबन्ध के अन्तर्गत् नही आता है।

(ii) क्रय आय-व्ययक मे उपलब्ध प्राविधान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

(iii) प्रस्तावित सामग्री के क्रय हेतु नियमानुसार टेण्डर मांगने के लिए शासनादेश सं0-ए-1-164/दस-15(1)'80, दिनांक 21-01-1997 द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है।

(iv) क्रय के लिए आवश्यक मात्रा के टुकडे-टुकडे करके उसे उपर्युक्त वित्तीय सीमा के अन्तर्गत नहीं किया गया है।

(v) संबंधित वस्तुओं के क्रय की वित्तीय स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा शासनादेश सं0-2617/12-3-13-100(64)/2012,दिनांक 15-7-2013, शासनादेश सं0-6082/72-2-2013:2/3(18)/2013, दिनांक 12-12-

http://shasanadesh.up.nic.in

2013, शासनादेश सं0-03/26-ब0प्र0-14-2/3(29)/2013, दिनांक 03-01-2014, शासनादेश सं0-6404/62-2-2014-2/3(25)/2013, दिनांक 20-01-2014 एवं शासनादेश सं0-102/26-ब0प्र0-2014-2/3(28)/2013, दिनांक 17-02-2014 से प्रदान कर दी गयी है।

3- सामग्री क्रय करते समय संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेगें कि-

(i) क्रय उपलब्ध धन की सीमा तक ही सीमित रखा जायेगा।

(ii) सामग्री का क्रय टेण्डर प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकों के अनुरूप ही किया जायेगा।

(iii) टेण्डर डाक्यूमेन्ट में उल्लिखित सभी प्राविधान, फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के वैल्यूम-5, भाग-1 में उल्लिखित नियमों, टेण्डर संबंधी अन्य नियमों एवं शासनादेशों के अनुरूप है।

4- मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई अपने स्तर से गहन अनुश्रवण कर उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायेगें।

भवदीय,

ह0/

(अनन्त कुमार सिंह)

प्रमुख सचिव।

सं0-463(1)/62-2-2014,तददिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन।

2- प्रमुख सचिव, उघोग विभाग, उ0 प्र0 शासन।

3- सचिव, लघु उघोग अनुभाग'-7, उ0प्र0 शासन।

4- उघोग निदेशक, (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0 प्र0 कानपुर।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/

http://shasanadesh.up.nic.in

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in